11- MAY- BSP- P-1_Layout 1 5/12/2025 12:27 AM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 12 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 27.9 डिग्री


लगातार निर्देश दिए जाने के बाद भी लोग खतरा मोल लेकर रेलवे लाइन पार कर रहे हैं।



## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला- एक नगर निगम के कर्मचारियों को दूसरे नगर निगम में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता

**बिलासपुर।** संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर संभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में पदस्थ असिस्टेंट इंजीनियर अनुराग शर्मा ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किए गए स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी थी। याचिका की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किए गए स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि एक नगर निगम के कर्मचारियों को दूसरे नगर निगम में स्थानांतरित नहीं कर सकते हैं।

याचिकाकर्ता को नगर पालिक परिषद, बिरगांव में उप अभियंता के पद पर 11 मई 2006 के आदेश के तहत पदस्थ किया गया था। इसी बीच 22 जुलाई 20214 को

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किए गए स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया गया



राज्य शासन ने अधिसूचना जारी कर नगर पालिक परिषद, बिरगांव को नगर निगम घोषित कर दिया। 28 जुलाई 2018 के आदेश के तहत नगरीय प्रशासन विभाग ने उसे सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नत कर संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय में अटैच कर दिया। 24 नवंबर 2021 को एक आदेश जारी कर नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर से नगर निगम, रायगढ़ स्थानांतरित कर दिया। नगरीय प्रशासन विभाग के इस आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 04 जनवरी 2022 को याचिकाकर्ता को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष विस्तृत अभ्यावेदन पेश करने और अधिकारियों को उस पर विचार करने और निर्णय लेने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के निर्देश पर याचिकाकर्ता ने 10 जनवरी 2022 को विभाग के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। अभ्यावेदन पर सुनवाई के बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने 12 सितंबर 2022 को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन को खारिज कर दिया और स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया।

### राज्य शासन के स्थानांतरण आदेश को किया रद्द

मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा पारित स्थानांतरण आदेश से पता चलता है कि यह न तो प्रतिनियुक्ति आदेश था और न ही ग्रहणाधिकार, इसलिए याचिकाकर्ता के संबंध में पारित स्थानांतरण आदेश को कानून के अनुसार नहीं कहा जा सकता। इस टिप्पणी के साथ याचिकाकर्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए राज्य शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया है।

### हाईकोर्ट में दोबारा दायर की याचिका

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अभ्यावेदन को खारिज करने के बाद याचिकाकर्ता असिस्टेंट इंजीनियर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से दोबारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की और स्थानांतरण आदेश को एक बार फिर चुनौती दी। याचिकाकर्ता ने नगर निगम अधिनियम, 1956 की धारा 58(5) और 58(6) का हवाला देते हुए विभागीय अधिकारियों पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अधिनियम में दिए गए प्रावधान का खुलासा करते हुए बताया कि एक नगर निगम के कर्मचारियों को दूसरे नगर निगम में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। नियमों के साथ ही याचिकाकर्ता ने मानवीय पहलुओं को भी कोर्ट के सामने रखा और बताया कि उसकी मां की उम्र 70 वर्ष है। वह बीमार रहती है,रायपुर के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। रायपुर से रायगढ़ की दूरी तकरीबन 250 किलोमीटर है। मां के इलाज में उसे व्यवहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### सिम्स अस्पताल में 2 घंटे खुलेगी ओपीडी



**बिलासपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के कारण सरकारी अस्पतालों में अवकाश की घोषणा की गई है। ग्रीष्मकालीन विपरित परिस्थितियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स अस्पताल में सोमवार को ओपीडी लगाई जाएगी। 12 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक 2 घंटे सभी ओपीडी संचालित किए जाएंगे। इस दौरान लैब व जांच भी किया जाएगा। 11 बजे के बाद महज आपातकालीन वार्ड में ही मरीजों को इलाज मिल सकेगा। इस संबंध में प्रबंधन ने आदेश जारी किए हैं।

### निगम के सामने कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन 14 को

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण द्वारा 14 मई को बिलासपुर नगर निगम के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। बिलसपुर नगर निगम क्षेत्रों में पानी-बिजली की बड़ी किल्लत हो रही है। इसके सुचारू रूप से आपूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन में उपस्थित होंगे। तत्पश्चात नगरनिगम आफिस में प्रदर्शन के लिए जाएंगे। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि अप्रैल से ही बिलासपुर की जनता पानी और बिजली को लेकर परेशान हैं। नगर निगम अभी तक कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पा रही है। शहर के निचले क्षेत्रो में नगर निगम में जो ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं, वहां जल संकट गहरा रहा है।

### 13 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

**बिलासपुर।** आयुष कालेज आफ नर्सिंग लालखदान द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 13 मई को हैप्पी स्ट्रीट जूना बिलासपुर में शाम 4 बजे से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन अनिल गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। उस दिन प्रशिक्षार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता जागरुकता नाट्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। नर्सो का महत्व बताया जाएगा। संस्था के संचालक विशाल दीक्षित ने बताया कि संस्था में बीएससी, नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग के साथ पोस्ट बेसिक बीएससी एवं एमएससी नर्सिंग की सभी शाखाएं भी यहां संचालित है। प्रत्येक सत्र में 70 प्रतिशत अंक पाने वाले प्रशिक्षाथियों को 10 हजार रुपए की छात्रवृति दी जाती है। यह जानकारी अनिल कुमार डांगरे ने दी।

### दंपती से मोबाइल की लूट, एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन से पैदल लौट रहे दंपती को चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल लूटकर दो व्यक्ति भाग गए। दो दिन बाद पीड़ित व्यक्ति की एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस लुटेरों को सुराग नहीं लगा पाई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, रेड डायमंड होटल में रिसेप्शन का काम करने वाले जितेन्द्र तांडी पिता निराकर तांडी 9 मई को रात्रि 12 बजे होटल से अपने बहन के घर रायपुर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अपनी पत्नी गुड्डी बाग के साथ रेलवे स्टेशन गए। ट्रेन विलंब होने से दोनों पैदल होटल लौट रहे थे। रात 1.30 बजे रेलवे तोरवा ब्रिज के पास दो व्यक्ति आए और आटो में जाने के लिए पूछने लगे। उनके द्वारा मना करने पर दोनों युवक पीछा करने लगे। हेमूनगर रेलवे लाइन के बाजू रोड में एक व्यक्ति पैसे की मांग करने लगा। मना करने पर मोबाइल लूटकर भाग गए। दो दिन बाद 11 मई को पुलिस ने अज्ञात दो व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## रात 1 बजे हुई थी घटना : नारियल कोठी के दो फीडर प्रभावित

## 50 साल पुराना पेड़ गिरा, 10 इलाके में बिजली बंद, शाम 4 बजे बहाल हुई सप्लाई

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर क्षेत्र के नारियल कोठी में 50 साल पुराना पेड़ खंभों में लगे दो फीडर पर जा गिरा, रात 1 बजे हुई इस घटना के फीडर से प्रभावित 10 इलाकों में बिजली ठप हो गई। पेड़ गिरने के चलते फीडर में ब्लास्ट की आवाज आई और आसपास के लोग जाग उठे। बिजली विभाग को इसकी सूचना दी गई, रात में ही विभाग के कर्मचारी सक्रिय हुए और अन्य फीडरों को बंद कर दिया गया, लेकिन मरम्मत का कार्य सुबह चालू किया गया। रविवार की शाम 4 बजे तक फीडर की सप्लाई नार्मल कर दी गई। इस दौरान 10 में से 4 इलाकों में 18 घंटे तक बिजली बंद रही।

फजलबाड़ा, गांधी चौक, नारियल कोठी, उदई चौक, दयालबंद, मधुबन रोड, पुराना हाईकोर्ट रोड जैसे 10 इलाकों में शनिवार रात 1 बजे के बाद अंधेरा छा गया। दरअसल नारियल कोठी में 50 साल पुराना पेड़ टूट गया, पेड़ का बड़ा हिस्सा गिरने से पास में लगे दो फीडरों को नुकसान हुआ और सप्लाई प्रभावित हो गई। आसपास के लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को इसकी सूचना दी और



कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन नुकसान बड़ा हो चुका था, जिसकी मरम्मत रात में नहीं हो सकी। इस दौरान दोनों फीडर की सप्लाई को अलग अलग फीडरों में ट्रांसफर कर दिया गया, और सुबह 9 बजे तक ज्यादार इलाकों में बिजली नार्मल कर दी गई, लेकिन नारियल कोठी, दयालबंद, गांधी चौक के आसपास के इलाके में शाम 4 बजे के बाद ही बिजली पहुंचाई जा सकी। गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया और कई लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### घर का हुआ नुकसान, निगम से मंगाना पड़ा कटर

विशाल पेड़ गिरने के कारण पास के ही घर को अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ा है, छज्जे और रेलिंग टूट चुकी है। बताया जा रहा है कि घर के कारण ही बड़ा हादसा टल गया, वरना पेड़ की जद में आने से कई लोग प्रभावित होते, पेड़ की डंगालों को काटने के लिए निगम द्वारा कटर का उपयोग किया गया। कर्मचारियों को आने में सुबह 10 से 11 बजे गए थे,जिसके कारण राहत कार्य में देरी हुई।

### पेड़ गिरने से सप्लाई प्रभावित

पेड़ के पास ही फीडर था, ऐसे में सप्लाई प्रभावित हो गई, ज्यादातर इलाकों में सुबह तक सप्लाई नार्मल कर दी गई थी, लेकिन दो -चार ट्रांसफार्मर की सप्लाई दोपहर बाद ही शुरू हो सकी है।

**- रवि ध्रुव,** एई, विद्युत विभाग

## पार्किंग और खाली जमीन पर बना ली बिल्डिंग

**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैंड स्थित महुआ होटल में नगर निगम ने आज अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। यह कार्रवाई नक्शे के विपरीत किए गए निर्माण को हटाने के लिए की गई। निगम के मुताबिक होटल का नक्शा रामचंद्र लालचंदानी, दौलतराम चौधरी और महक आहूजा के नाम पर पास हुआ था। तीनों ने भवन अनुज्ञा की शर्तों का उल्लंघन किया। ओपन स्पेस और पार्किंग के लिए निर्धारित जगह पर अवैध निर्माण कर दिया।

जोन क्रमांक 5 के कमिश्नर अनुभव सिंह ने बताया कि निर्माण की जांच में अनियमितता पाए जाने पर तीनों को नोटिस दी गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। निर्माणकर्ताओं ने शुरू में विरोध किया, लेकिन बाद में मान गए। नगर निगम अधिनियम के अनुसार, अवैध निर्माण हटाने में होने वाले खर्च की वसूली भवन निर्माणकर्ताओं से की जाएगी। स्थल पर जांच के बाद तीनों को अवैध निर्माण स्वयं हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसके साथ ही निगम ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। निगम ने छत्तीसगढ़ भवन से लेकर उसलापुर स्टेशन रोड तक अभियान चलाया।

### निगम ने बुलडोजर चलाया



■ पुराना बस स्टैंड स्थित महुआ होटल में निगम की कार्रवाई

इस दौरान बिना अनुमति लगाए गए 400 से अधिक बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स को हटाया गया। नगर निगम के अतिक्रमण निवारण दस्ते ने नेहरू चौक, मंगला चौक, चांदनी चौक, शेफर्ड स्कूल और उसलापुर रोड से 16 अवैध ठेले और दुकानें हटाईं। जब्त किए गए ठेलों को निगम के तोरवा स्थित गौठान में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।



### तीन अस्पतालों पर लगाई गई पेनाल्टी

गौरतलब है कि नियमानुसार, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगाने के लिए नगर निगम की होर्डिंग शाखा से अनुमति लेना अनिवार्य है। अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि अवैध विज्ञापन लगाने के लिए कोनी के तीन अस्पताल संचालकों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मेयर इन काउंसिल के निर्देश पर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## लगातार दूसरे दिन भी बिलासपुर तपा, तापमान पहुंचा 41.2 पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की मार ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है, लगातार दूसरे दिन भी बिलासपुर में तापमान अन्य प्रदेशों की तुलना में सर्वाधिक दर्ज किया गया है। सूरज की तीखी किरणें सुबह 8 बजे से ही तपाने के लिए तैयार थी और दोपहर एक बजे के करीब तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद शाम 4 बजे के बाद 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने लगी, लेकिन गर्मी का असर कम नहीं हो सका। शाम होने के बाद भी लू के थपेड़े चलते रहे और गर्मी से राहत नहीं मिल सकी।

गर्मी अपने सितम ढाने लगी है, प्रदेश में दूसरे दिन भी बिलासपुर का तापमान ज्यादा रहा, खास बात यह है कि न्यूनतम तापमान भी बढ़ चुका है, जिसके चलते रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। जहां रविवार को सुबह से ही तेज धूप का सामना करना पड़ा, वहीं दोपहर बाद अचानक बदली छाई और तेज हवाएं चलने लगी, करीब 1 घंटे तक 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली, इस दौरान एतिहात के तौर पर 33 केवी लाइनों को ट्रिप कर दिया गया था, लेकिन हवा का जोर कम होने के बाद सप्लाई नार्मल कर दी गई। मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत दो दर्जन से अधिक जिलो के लिए अलर्ट जारी किया है, इस दौरान अंधड़ चलने की आशंका है। वहीं बादलों के बीच गर्जन और बिजली भी गिर सकती है।

### द्रोणिका दिखा रहा है प्रभाव

असम के आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती संचरण जारी है, जिसके चलते पश्चिम बंगाल से झारखंड के बीच करीब 1 किमी की ऊंचाई पर द्रोणिका बन चुकी है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ भी प्रभावशील हो चुका है, जिसके चलते हवाओं का रूख तेज हो रहा है, इस दौरान मंगलवार को भी अंधड़ चलने की प्रबल आशंका बनी हुई है।

### पावर ब्लाक से ट्रेन परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल में फ्लाई ओवर कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लाक के कारण ट्रेन परिचालन प्रभावित रहेगा। रांची मंडल अंतर्गत रांची नगर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सिरम टोली चौक पर फोरलेन / एलिवेटेड रोड सह रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य हो रहा है। अंतिम ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत 5 से 30 मई तक सिरम टोली चौक पर निर्माण कार्य के कारण विभिन्न तिथियों में ट्रैफिक कम पावर ब्लाक लिया जाएगा। इसी तरह चक्रधरपुर मंडल के सागारा रेलवे स्टेशन के रेलवे गुड्स शेड प्रायवेट साइडिंग में निर्माण कार्य हेतु नॉन इंटरलाकिंग कार्य 11 से 26 मई तक होगा। इसकी वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 12, 14, 19, 24, 25, 26, 27, 28, 29 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 13, 15, 20, 25, 26, 27, 28, 29, 30 मई को बिलासपुर से रवाना होने वाली बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 11 से 26 मई तक 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और इतवारी से टाटानगर एक्सप्रेस रद्द की जाएगी।





# राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में परचम लहराया

नैक में अभूतपूर्व ए++ रैंकिंग की उपलब्धि में गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा उच्चतम केटेगरी वन की स्वायत्तता प्रदान किये जाने का एक और कीर्तिमान जुड़ गया। अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित रैंकिंग टाइम्स हायर एजुकेशन यंग वर्ल्ड रैंकिंग में 401-500 के बैण्ड में रखा गया है। वहीं वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में केन्द्रीय विश्वविद्यालय को 1000-1200 के बैण्ड में स्थान प्राप्त हुआ। क्यूएस वर्ल्ड साउथ एशिया रैंकिंग 2025 में विश्वविद्यालय को 261वां स्थान प्राप्त हुआ। मेंटल हैल्थ एवं इंडिया एकेडेमी रैंकिंग 2024 में विश्वविद्यालय को प्लेटिनम बैण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2024 में विश्वविद्यालय के हरित और साफ-सुथरे परिसर के लिए यू.आई. ग्रीन मैट्रिक वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में 346वां स्थान प्रदान किया गया। इंडिया टुडे की 2024 की श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों रैंकिंग में सरकारी विश्वविद्यालय की ओवरऑल रैंकिंग में देश में 22 वां स्थान प्राप्त हुआ।

## गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय

## सीयू बना युवा बहुमुखी एवं समार्थ्यवान प्रतिभाओं के विकास का केन्द्र

# मिली राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमिक स्तर पर पहचान

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के अथक परिश्रम, अनवरत प्रयास और निरंतर सकारात्मकता के परिणाम स्वरूप गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से ए++ की रैंकिंग प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ का एकमात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना को आत्मसात करते हुए स्वावलंबी छत्तीसगढ़ के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को प्रसारित एवं जमीन पर साकार कर रहा है।

लगभग चार वर्षों में कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने विद्यार्थियों को शौर्य, समाज एवं राष्ट्र निर्माण की भावना, अनुशासन, कौशल विकास, प्रशिक्षण, रोजगार सृजन, प्लेसमेंट, सामाजिक दायित्वबोध, खेल गतिविधि, पाठ्येत्तर गतिविधियां तथा प्रबंधन के गुर सिखाये जाने के साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप स्वावलंबी छत्तीसगढ़ के विचार को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के साथ जोड़ने का काम किया है।







## विभिन्न विभागों के पदों पर स्थाई नियुक्ति एवं प्रमोशन

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल के कुशल नेतृत्व में लंबे समय से विभिन्न विभागों के विभिन्न रिक्त पदों पर स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति की गई है एवं शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अनवरत जारी है। 32 विभाग के 200 से ज्यादा शिक्षकों का करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत प्रोन्नयन किया गया। इन शिक्षकों का प्रोन्नयन भी लंबे समय से लंबित था।

## अधोसंरचना विकास

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों को गति प्रदान करने एवं विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्य जारी हैं जिसमें 250 क्षमता वाले बालक-बालिका छात्रावास, चार मंजिला मल्टी स्टोरी आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर सेंटर, बॉटनी विभाग, फोरेंसिक साइंस एवं एंथ्रोपोलॉजी विभाग, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, कंप्यूटर साइंस एंड इजीनियरिंग विभाग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही पांच भवनों के प्रथम तल तथा बेसमेंट सुविधा के साथ चार मंजिला नवीन प्रशासनिक भवन का निर्माण हो रहा है।

## सीयू में जारी सामाजिक सरोकार की योजनाएं

- जीजीवी स्वावलंबी छत्तीसगढ़ परियोजना
- गुरु घासीदास विश्वविद्यालय स्वाभिमान थाली (जीएसटी)
- गुरू घासीदास विश्वविद्यालय श्रवण लाइन सेवा (जीएसएल)
- गुरु घासीदास विश्वविद्यालय प्याऊ सेवा (जीपीएस)
- जीजीवी सुदामा योजना
- जीजीवी सारथी योजना
- जीजीवी रक्त संबंध संस्कार योजना
- जीजीवी शिक्षा मित्र संस्कार योजना
- जीजीवी कुटुंब प्रबोधन संस्कार योजना
- जीजीवी व्यावसायिक संस्थापन संस्कार
- जीजीवी हेल्दी यूनिवर्सिटी मूवमेंट
- जीजीवी किलकारी डे-केयर सेंटर
- जीजीवी फिटनेस एंड वेलनेस सेंटर
- जीजीवी स्काउट एंड गाइड
- नटराज कला मंच
- उन्नत भारत अभियान
- एक पेड़ मां के नाम
- उन्नत भारत अभियान
- राष्ट्रीय कैडेट कोर
- राष्ट्रीय सेवा योजना

## शोध, अनुसंधान, पेटेंट्स एवं परियोजनाएं

विश्वविद्यालय भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पर्स योजना के अंतर्गत 8.57 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट प्राप्त है। यहीं नहीं अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के पार्टनशिप फॉर एक्सीलरेटेड इनोवेशन एंड रिसर्च (पेयर) के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ संयोजित किया गया है। आईसीएसएसआर, डीएसटी, एएआरएफ, सीएसआईआर, आईसीएमआर, एसईआरबी, सीजीकॉस्ट जैसी संस्थानों के पास लगभग 35 करोड़ रुपये की 100 परियोजनाओं का आवेदन किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की विभइन्न एजेंसियों ने 10 परियोजनाओं के लिए 9 करोड़ 37 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में 24 परियोजनाओं पर कार्य जारी है। 250 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पेटेंट के साथ गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है।

## समझौता ज्ञापन (एमओयू) एवं स्टार्ट अप

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के 90 से ज्यादा प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू किया है जिसमें 13 अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान हैं। विश्वविद्यालय में 36 से ज्यादा स्टार्ट अप काम कर रहे हैं जो विश्वविद्यालय की नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। इनक्यूबेशन सेंटर (होस्ट इंस्ट्रीयूट ऑफ एमएसएमई), टेक सेंटर एवं सेक्शन 8 कंपनियों की स्थापनायह छत्तीसगढ़ का एकमात्र इनक्यूबेशन सेंटर है जिसे एमएसएमई ने अपना होस्ट इंस्टीट्यूट बनाया है। इसके अंतर्गत युवा उद्यमियों को सीड फंडिग के साथ ट्रेनिंग दी जाती है। भारत सरकार से अनुदान प्राप्त टेकनालॉजी इनेबलिंग सेंटर के माध्यम से छत्तीसगढ़ के उद्यमियों एवं कंपनियों को नवीन तकनीकों का हंस्तातरण किया जाता है। भारत सरकार द्वारा स्टार्ट अप को प्रमोट करने आईटीबीआई सेंटर की स्थापना की गई है। इसमें स्टार्ट अप के लिए 10 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है। सेक्शन 8 के अंतर्गत जीजीवी सीएसआर फाउंडेशन एवं जीजीवी स्टार्टअप फाउंडेशन कंपनियों की स्थापना हुई है। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भारतीय भाषा समिति द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं में 35 पुस्तकों के लिए प्रकाशन एवं अनुवाद का कार्य विश्वविद्यालय द्वारा संपादित किया गया है। माननीय कुलपति महोदय प्रो. चक्रवाल इस समिति के सदस्य भी हैं।






हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 12 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



मदर्स डे के अवसर पर सोशल फाउंडेशन द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान श्रीमती श्रद्धा दुबे, श्रीमती प्रगति दुबे, श्रीमती गीतिका दुबे, श्रीमती मधु त्रिपाठी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

एजुकेशन

## एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में कॉउंसिलिंग आज से

**बिलासपुर।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में संचालित दो एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए अंतिम मेरिट अनुसार चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं संबंधित एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों के कार्यालयीन सूचना पटल पर देखी जा सकती है। चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की काउंसिलिंग विकासखण्ड खड़गवां में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने प्रवेश परीक्षा कोरिया जिले से दी है, उनको सम्मिलित करते हुए आयोजित की गई है। चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी विद्यार्थी 12 एवं 13 मई 2025 को अनिवार्य रूप से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखण्ड खड़गवां, जिला एमसीबी के ऑडिटोरियम कक्ष में प्रातः 9 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें, जहां प्रातः 10 बजे से काउंसिलिंग प्रारंभ की जाएगी।




### सत्यापित प्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य

चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति, विद्यार्थियों का सिकलसेल शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, विद्रोह या कोविड से खोने वाले, विधवाओं के बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, भूमि दान करने वाले, अनाथ वर्ग के बच्चे, वामपंथी उग्रवाद से लड़ते हुए जान गंवाने वाले पुलिस / अर्धसैनिक/सशस्त्र बल के बच्चे, दिव्यांग बच्चे आदि का प्रमाण पत्र की मूल एवं सत्यापित प्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

अवार्ड

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार नामांकन शुरू, अंतिम तिथि 31 जुलाई




**बिलासपुर।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार पांच से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा, जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयुसीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

### 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण

नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देनी होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 श्रेणी का चयन कर आवेदन भरना होगा। आवेदन पत्र में उपलब्धियों का 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण, आवश्यक दस्तावेज (पीडीएफ, अधिकतम 10 फाइलें) और हालिया फोटो (जेपीजी/पीएनजी) अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन ड्राफ्ट के रूप में सेव कर अंतिम तिथि से पहले संपादित कर जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी व आवेदन हेतु **https://awards.gov.in/** पर विजिट करें। सरकार का उद्देश्य इन पुरस्कारों के माध्यम से देशभर के युवाओं की प्रेरणादायक उपलब्धियों को पहचान देना और बच्चों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

आयोजन

## महिलाओं ने किया देश की रक्षा के लिए हनुमान चालीसा का पाठ



**बिलासपुर।** आनंद सागर सेवा प्रवाह के सदस्यों ने भारत की सेनाओं को समर्पित सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान अष्टक एवं बजरंग बाण का वाचन किया एवं विषम परिस्थितियों में देश की सेनाओं की रक्षा के लिए श्री हनुमान भगवान से प्रार्थना की गई। संस्था की अध्यक्ष डॉ सुषमा पंड्या के संयोजन में उनके गुरु विहार स्थित निवास स्थान में प्रतिमाह मंगलवार या शनिवार को यह आयोजन किया जाता है। यह आयोजन देश की रक्षा में अपना सब कुछ समर्पित कर देने वाले जांबाज सिपाहियों, सैनिकों एवं उन बहनों के लिए जो सीमा पर डटकर दुश्मनों का सामना कर रहे हैं, को समर्पित रहा। सुंदरकांड पाठ में उपाध्यक्ष सुमिता दास गुप्ता, संरक्षक कविता शर्मा, कोषाध्यक्ष पं. बाबूलाल पंड्या, सदस्य उषा पटेल, शांति लकड़ा, सीमा सिंह श्रीमती यादव, चंपा सोनी, नीलिमा गुलहरे, शिरोमणि केसरवानी, ज्योत्सना मिश्रा, लीला वर्मा, कमला, विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी बिलासपुर शाखा के संयोजक योगेंद्र, राहुल ने भाग लिया। श्री योगेंद्र ने विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के संयोजन में भजन एवं सत्संग किया। सभी सदस्यों ने सैनिकों की रक्षा के लिए प्रार्थना की।

# मां होती हैं हमारी पहली गुरु, दें हमेशा सम्मान

मदर्स डे पर शहर में रक्तदान शिविर सहित विविध आयोजन किए गए। इसमें बच्चों व महिलाओं ने उत्साह से भाग लेकर अपनी मां के प्रति आदर का भाव व्यक्त किया। साथ ही बताया गया कि मां हमारी पहली गुरु होती है। वह अपने बच्चों को जीवन के हर संघर्ष से बचाने का हरसंभव प्रयास करती है और खुद हर मुश्किल को सहती है।




मातृ दिवस

## मदर्स डे पर रक्तदान शिविर सहित हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मातृ देवो भव' यानी मां देवता के समान है। कहा जाता है कि भगवान हर जगह नहीं पहुंच सकते हैं, इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। मां एक ऐसा शब्द है, जिसे बच्चा सबसे पहली बार बोलता है। मां ही एक इंसान होती है, जो अपने बच्चे को निःस्वार्थ प्यार करती है। मां के त्याग और समर्पण को शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल काम है। इस साल 11 मई को दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जाएगा, लेकिन मां के प्रति प्यार और आदर दिखाने के लिए किसी दिन की जरूरत नहीं होती है। मां को हम भगवान के रूप में भी देखते हैं, या कहें कि वह भगवान का ही एक रूप है।

### लीनेस क्लब का रक्तदान शिविर




लीनेस क्लब मेन बिलासपुर ने मदर्स डे पर रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए सीएमडी चौक स्थित लायंस भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर स्व. रविशंकर शिक्षण प्रशिक्षण व जन कल्याण समिति एवं बालाजी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से रखा गया है। डॉ दीपक कुमार की टीम जिसमें मनीष रामटेके, मृदुला दास शामिल रहीं, का सहयोग रहा। लीनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता कपूर, बिलासपुर से एरिया ऑफिसर शोभा चाहिल, एरिया सचिव अर्चना तिवारी, क्लब अध्यक्ष गायत्री कश्यप एवं लीनेस वीना अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर क्लब सचिव चित्ररेखा कांसकार, कोषाध्यक्ष प्रमिला चोपड़ा, पूर्णिमा मिश्रा, भारती तिवारी, शोभा त्रिपाठी, रश्मि लता मिश्रा, संतोष सराफ, मंजू शाह, ललिता कश्यप, प्रेमलता अग्रवाल, हंसा सेलारका, चांदनी सक्सेना, एरिया एडवाइजर सलमा बेगम, अणिमा मिश्रा, सावित्री जायसवाल सहित अन्य बहनों की उपस्थिति रही।



### मां का समर्पण एकता के सूत्र में बांधता है

प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में स्वस्थ और सुखी परिवार के लिए माता की भूमिका विषय पर मातृ दिवस मनाया गया। इसमें बीके मंजू दीदी ने बताया कि मां हमारे लिए सुरक्षा कवच की तरह होती है। मां का त्याग, प्रेम और समर्पण ही वर्तमान में परिवार में बढ़ रही विकृतियों को खत्म कर परिवार को एकता व प्रेम के सूत्र में बांधकर रखता है। मां के महत्व को समझने, सम्मान देने के लिए ही हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मातृ-दिवस के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मां वह ठंडी छांव है जिसकी गोद में हम सुख का अनुभव करते हैं, मां के जैसा रोल इस दुनिया में किसी का नहीं हो सकता, उसकी पूर्ति कोई नहीं कर सकता है। अंत में ब्रह्मा कुमारी बहनों ने तिलक, पुष्प से सभी बहनों व माताओं का सम्मान किया।

### बच्चों को सिखाई गई पेंटिंग



ब्रम्हाकुमारीज उसलापुर में बीके छाया दीदी ने बच्चों को मदर्स डे पर बहुत ही सुंदर मां की पेंटिंग बनाना सिखाया। उन्होंने कहा कि मां अपने सभी बच्चों को एक समान प्यार करती है। दिन-रात दुआएं करती रहती हैं। सारा दिन अपने बच्चों, परिवार का ध्यान रखती हैं। हम सब की मां निःस्वार्थ भाव से दिन रात सेवा करती हैं, पर उसके बदले में उसे कोई फीस भी नहीं मिलती है। परिवार और बच्चों की खुशी में ही अपनी खुशी समझती है। मां ही बच्चों के अच्छे संस्कारों को बना कर उसे अच्छा संसार देती हैं। मां के प्यार को पाने के लिए हमें मां का बहुत आज्ञाकारी बनना है। उनके दिल को हमेशा खुश रखना है। मां की दुआ हमारी सदा रक्षा करती है। हमें जीवन में सफल बनाती है। बीके खुशी बहन ने दृढ़ता के विषय में बताते हुए कहा कि संकल्प तो सभी करते हैं लेकिन सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है जिनके संकल्पों में दृढ़ता होती है। शानू भट्ट ने बच्चों को डांस तो बीके कृष्णा ने पेपर क्राफ्ट सिखाया। बीके गरिमा बहन ने बच्चों को एरोबिक डांस, खुशी बहन ने प्रणायाम में अनुलोम विलोम, कपाल भारती, योगासन में ताडासन, तितली आसन कराया।





## माता को लगाए गए दक्षिण भारतीय पकवानों के भोग

**बिलासपुर।** रेल्वे परिक्षेत्र कंस्ट्रक्शन कालोनी दुर्गा पंडाल में श्री मरीमाई माता पूजा उत्सव में रविवार को खड़गपुर से आए हलवाई ब्रुशली ने माताजी के भोग में लगने वाले दक्षिण भारतीय पद्धति के 25 पकवान बनाया। सुबह चावल, सांभर, सब्जी बनाया गया।

पूजा उत्सव के अध्यक्ष विजय सिंह एवं सचिव मनोहर राव ने संयुक्त रूप से बताया कि रात में जिस घर में पकवान बनाया गया वहां सुबह 11 बजे पहुंच कर बने हुए पकवान को 25 बड़े पीतल के परात में रखकर खड़गपुर से आए पुजारी ने दक्षिण भारतीय पद्धति से पूजा, अर्चना, आरती की। वहीं महाकुंभम पूजा में उपस्थित सुहागिन महिलाओं ने पीतल के परात को अपने सिर में रखकर पूजा स्थल पहुंची। फिर 25 प्रकार के पकवान को माताजी को अर्पित कर किसी चीज की कमी होने पर क्षमा मांगी गई। इसके बाद एकत्रित चावल एवं पकवान को मिलाकर सांभर, सब्जी के साथ वितरण किया गया। इसमें लगभग 2 हजार श्रद्धालुओं ने माताजी का महाप्रसाद ग्रहण किया।

### शोभायात्रा का जगह- जगह स्वागत

महाकुंभम पूजा के बाद शाम को ताशे, आतिशबाजी केक साथ माताजी की भव्य शोभायात्रा पंडाल से निकाली गई। शोभायात्रा जिस क्षेत्र से निकल रही थी, उस क्षेत्र के भक्तजन बड़े आत्मीयता से माताजी की शोभायात्रा को स्वागत कर रहे थे। महिलाएं पीतल की गुंडी में हल्दी मिला हुआ पानी माताजी के के चरणों में अर्पित की। कई चौक में माताजी की स्वागत के लिए मंच बनाया गया था। इसमें उर्दू स्कूल ग्राउंड चौक में व्ही मधुसूनराव, जे जग्गन व तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति, बंगली स्कूल चौक में आरव्ही स्वामी व बालाजी मंदिर कमेटी, बंगला यार्ड डबल स्टोरी क्वाटर में जी सन्मुखराव व वहां के निवासी, बाबू खोली में विजय लक्ष्मी, हेमू नगर चौक में अजय यादव, सुमन गुहा, कार्तिक दादा, डब्बू, जीतू यादव एवं अन्य साथियों ने माताजी का स्वागत किया।

### पूजा, आरती कर किया विसर्जन

शोभायात्रा कंस्ट्रक्शन कालोनी, वायरलेस कालोनी, बंगला यार्ड, एन ई कालोनी, हेमू नगर चौक, बाबू उपनगर, शंकर नगर होते हुए लोको कालोनी स्थित त्रिपुरी सुंदरी मरीमाई माता मंदिर पहुंची। वहां पूजा, आरती कर विसर्जन किया गया।

**इनका रहा सहयोग :** पूजा उत्सव को सफल में विजय, मनोहर, प्रकाश, बी ईश्वर, जे गोवर्धन, बी श्रीराममूर्ति, कोटा रामाराव, पीडी राव, ए कृष्णा, जी श्रीनिवास, के रवि, डॉ अजय, संदीप, जगन्नाथ, व्ही मधुसूदन, सुमन, सुनील, व्ही श्रीनिवास, मुकेश, राहुल, टी श्रीनिवास, आरव्ही स्वामी, जी रविकन्ना, एसव्ही रमन्ना, पी धर्मा राव, एल राजुलू, जी आदिनारायण, जी शंकर, के रामाराव, पी नारायण, आर गोविंद, जी वेनुबाबू, आर श्रीनिवास, एम रामुलु, बी वेंकेंट, एल सतीश, डब्बू, बी लक्ष्मण, जी व्हीएन, ए सत्यनारायण, जी तरुण, जी नवीन कुमार, जी साईं किरण, भास्कर, श्रीनु, प्रवीण, टी रवि, दुर्गा, दीपक, अनिल, राहुल का सहयोग रहा।

वसुंधरा विहार में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग

## महाराणा प्रताप ने राष्ट्र की रक्षा के लिए किया जीवन समर्पित

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई में महाराणा प्रताप जयंती साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान प्रमोद गुप्ता एवं उनका पूरा परिवार रहा। यज्ञ के उपरांत प्रमोद गुप्ता और जितेंद्र पटेल ने भजन प्रस्तुत किया। मोहन कल्याण ने महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सिसोदिया वंश में जन्मे महाराणा प्रताप ने अनेक कष्ट सहते हुए अकबर से लोहा लिया एवं अपने देश, समाज और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने को समर्पित कर दिया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती पर उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। महाराणा प्रताप ने महलों के ऐश्वर्य और आराम छोड़कर जंगल में रहना मंजूर किया लेकिन स्वाभिमान को नहीं छोड़ा। व्यंजनों को छोड़कर घास की रोटी खाना पसंद किया पर अपना धर्म नहीं छोड़ा। आचार्य ने बताया कि आजकल युवाओं को अपने महापुरुषों के जीवन चरित्र बताए नहीं जाते हैं, इसलिए आज के युवा अपनी संस्कृति, सभ्यता की रक्षा के लिए जीवन को न लगाकर व्यर्थ में जीवन गवां रहे हैं। आर्य समाज का उद्देश्य युवाओं को सही दिशा व इतिहास की जानकारी देकर देशभक्त बनाने का प्रयास करना है। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने मंच संचालन व शांति पाठ किया।



# समर कैंप में बच्चों ने सीखा जुंबा, गीत, योग व व्यायाम

कार्नर न्यूज








दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप का आज समापन किया गया। विद्यार्थियों ने इस दौरान जुंबा, गीत गायन, योग व्यायाम के अलावा कई प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। समर कैंप का आयोजन राजनीर कौर के सफल निर्देशन में किया गया।

**बिलासपुर।** विद्यार्थियों के समय का सदुपयोग करने दिल्ली पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया था। जहां बच्चों ने कई प्रकार के मैनर्स सीखे, जो समाज में एक विशिष्ट पहचान बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। बच्चों ने आर्ट एण्ड क्राफ्ट के साथ-साथ तैराकी, खेल की अनेक विधाओं को रोचक ढंग से जाना। वहीं आत्मरक्षा तकनीक, क्रिकेट, आर्ट एण्ड क्राफ्ट के अंतर्गत ओरिगामी, पाट डेकोरेशन, कैन वॉश पेंटिंग, लीफ एण्ड ब्लॉक प्रिंटिंग, पेपर बुके पेन तथा कैंडल स्टैण्ड, मदर्स डे स्पेशल गिफ्ट रैपिंग आदि सीखा। बच्चों को म्यूजिक एंड डांस के साथ कंटेंपरेरी डांस, सेमी क्लासिकल, फ्रीस्टाइल, कोंगो बोंगो, ऑक्टोपैड, ढोल, तबला, मृदंग, सिंथेसाइजर, सुगम संगीत, भजन आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाजी में अपना हाथ साधा। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने समर कैंप में सहभागिता के लिए अभिभावकों और समस्त प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे तनाव भरे वातावरण में समय का सदुपयोग, सार्थक व क्रियात्मक दिशा में ले जाना बहुत जरूरी है, जिसे स्कूल के सक्रिय शिक्षक शिक्षिकाओं ने बखूबी निभाया। संस्था प्राचार्य और संस्था प्रबंधन के प्रति विद्यार्थियों ने उत्साह भरे शब्दों में आभार व्यक्त करते हुए अगली बार के समर कैंप आयोजन में भाग लेने के लिए अपनी सहमति जताई। इस अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर रश्मि द्विवेदी रहीं।


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
संतोष कौशिक (गुरूजी)
भाजपा नेता


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
श्रीमती अंबालिका कश्यप
श्रीमती इंद्राणी सिंगरौल
देवा सिंगरौल
नागेश्वर वर्मा
शैलेन्द्र सिंह
अध्यक्ष- सरपंच संघ, तखतपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
24 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
साहिल पांडे
भाजपा युवा नेता
बंशी पांडे
पूर्व उपाध्यक्ष- नगर पालिका तखतपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
जितेन्द्र पाण्डेय
पूर्व सभापति - जिला पंचायत बिलासपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
मुन्ना श्रीवास
सभापति - नगर पालिका तखतपुर


हरिभूमि
25 वर्ष
हरिभूमि 25 वाँ स्थापना दिवस की
बिलासपुर संस्करण हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोष वस्त्रकार
अध्यक्ष प्रतिनिधि- जनपद पंचायत, तखतपुर
डॉ. माधवी वस्त्रकार
अध्यक्ष- जनपद पंचायत, तखतपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती अर्चना दुबे
सरपंच - ग्राम पंचायत सैदा
अनिल दुबे
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत सैदा


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती अनुपमा पाण्डेय
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर
अभिषेक पाण्डेय
पार्षद प्रतिनिधि- नगर पालिका तखतपुर


आपके शहर तखतपुर में सर्वसुविधा युक्त हॉस्पिटल
सृजन एण्ड केयर हास्पिटल
सुविधाएं :-
ऑपरेशन थियेटर
एक्स-रे
ई.सी.जी.
नेबुलाईजर
पैथोलॉजी
मेडिकल
डिलीवरी
नसबंदी
हड्डीरोग
हृदय रोग
रक्तचाप (बीपी)
मधुमेह (शुगर)
वातरोग
स्वास रोग
उदर पेट रोग
चर्मरोग
एम्बुलेंस
24x7 आपातकालीन चिकित्सा
डॉ. रोहित कुमार खाण्डे
डॉ. चिन्मय सिंह ठाकुर
डॉ. आरती पटेल
डॉ. राजीव किशोर
नव जागृति स्कूल के पास ब्लॉक रोड तखतपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
मुकीम अंसारी
पूर्व पार्षद- नगर पालिका तखतपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
बिहारी देवांगन
अध्यक्ष - नगर कांग्रेस कमेटी, तखतपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दिनेश राजपूत
शिक्षा प्रकोष्ठ, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य
बिलासपुर जिला प्रभारी, पूर्व जिला अध्यक्ष शालेय शिक्षाकर्मी संघ


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
भारती माली
सभापति- जिला पंचायत, बिलासपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सीमा श्रीवास
सभापति - जनपद पंचायत तखतपुर
अश्वनी श्रीवास
सभापति प्रतिनिधि - जनपद पंचायत तखतपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
अंबालिका कश्यप
सरपंच- ग्राम पंचायत निगारबंद


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक, तखतपुर
सुरेश देवांगन
पार्षद प्रतिनिधि
अंजू देवांगन
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर


मा. धर्मजीत सिंह
विधायक, तखतपुर
अंकित अग्रवाल
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
सुनील जांगड़े
सभापति - नगर पालिका परिषद तखतपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
शैलेन्द्र निर्मलकर
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर
पूजा गुप्ता
पार्षद- नगर पालिका तखतपुर
संजय गुप्ता (बबलू)
पार्षद प्रतिनिधि


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के
25वां वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक बधाई
जावेद खान
ठेकेदार, नगर पालिका तखतपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के
25वां वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक बधाई
आदर्श पब्लिक स्कूल
तखतपुर बरेला, मेन रोड बरेला
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक
(सीबीएसई पैटर्न)
मनोज सर
मो. 9302887954
के.के. सर
मो. 9644693919
सुभाष सर
मो. 9584300770


हरिभूमि
स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
शिवबालक कौशिक
उपाध्यक्ष - जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
राज पब्लिक स्कूल
तखतपुर
प्रवेश प्रारंभ
परमीत सिंह बग्गा
डायरेक्टर- राज पब्लिक स्कूल, तखतपुर


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के
25वां वर्ष में प्रवेश पर हार्दिक बधाई...
AISECT
दृष्टि कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट
DCA, PGDCA, BCA, BBA,
B.COM, MA, MBA, M.Sc. Etc.
संपर्क करें : परवेज भारमल, मो. 9893770296
पता : मैन रोड, हाई स्कूल रोड, तखतपुर


WISDOM
THE GLOBAL WORLD SCHOOL
CBSE... Curriculum based on NEP 2020
Nursery to Grade VIII
ADMISSION NOW OPEN
COACHING FOR SPOKEN ENGLISH CLASSES
• Pollution Free Campus.
• Transportation Facilities.
Contact :- +91 9589497599 , +91 9039949225 +91 9926848581
Add. :- Lotus Farm, Jarondha, Takhatpur


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण
25 वाँ स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई...
शिवेन्द्र प्रताप कौशिक
सदस्य - जिला पंचायत बिलासपुर


हरिभूमि परिवार की ओर से स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
टेकचंद कारड़ा
जितेन्द्र शुक्ला
दिलीप तोलानी
राजू ठाकुर

# विकास पथ पर अग्रसर छ.ग. का एकमात्र ऑटोनामस डीपी विप्र ए ग्रेड कालेज




छत्तीसगढ़ की न्यायधानी में लक्ष्मणेश्वर शिक्षण समिति खरौद के भूतपूर्व अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद शर्मा की प्रेरणा व प्रो. रामनारायण शुक्ल के अथक प्रयास से सन 1969 के जुलाई महीने में रात्रिकालीन इस महाविद्यालय की स्थापना हुई। बिलासपुर नगर में सन 1969-70 में ही इस महाविद्यालय को रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्धता व मध्यप्रदेश शासन के महाविद्यालयीन शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त हो गई। महाविद्यालय का उद्‌घाटन सिंतबर 1969 को रविशंकर विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति



संस्थापक प्राचार्य एवं पूर्व शासिनिकाय अध्यक्ष ज्ञान प्रवर
**पं. रामनारायण शुक्ल**

बंशीलाल पाण्डेय, आई.ए.एस. के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ जिसके बाद छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार व महाविद्यालय प्रशासन समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र के जाम पट महाविद्यालय का नामकरण जुलाई 1982 से किया गया। सन 1986 में वाणिज्य संकाय का शुभारंभ तथा 1989 में विधि संकाय प्रारंभ हुआ। जो कालान्तर में डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय के नाम से बिलासपुर के नगर के सरकण्डा क्षेत्र, अशोक नगर में संचालित है और विज़ान संकाय जुलाई 99 में प्रारभ हुआ। इनके अलावा मैत्री शिक्षण संस्थान के नाम से शहर में स्कूल भी संचालित है।

## प्राचार्य का सन्देश

ऑटोनॉमस का स्वप्न साकार करते हुए युनिवर्सिटी की तैयारी में हमारा महाविद्यालय अथक परिश्रम एवं



पूर्ण निष्ठा के साथ प्रयासरत है। "श्रद्धावान लभते ज्ञानम्" के ध्येय वाक्य को लेकर सफलता एवं असफलता का आंकलन करते हुए नवीन सत्र में महाविद्यालय में सबका स्वागत करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस महाविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास में एक और पन्ना आपके द्वारा जोड़कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया जायेगा। छात्र जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसके संपूर्ण जीवनकाल का अमूल्य धरोहर होता है। छात्र जीवन का अनुशासन हमें जीवन के झंझावातों तथा चुनौतियों का सामना करने के लिए सम्बल प्रदान करता है। यहां के विद्यार्थी न केवल महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं, जा यहाँ के छात्र- छात्राओं द्वारा यहाँ के विकास को अपूर्व दिशा देकर अपनी विद्वता, शोध प्रवृत्ति, जिज्ञासु प्रवृत्ति, ज्ञान कस को महिमा मंडित किया है। साथ ही राज्य एवं देश के विभिन्न गौरवपूर्ण पदों पर कार्यरत रहकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। 07 विद्यार्थियो से प्रारंभ महाविद्यालय आज 5000 से अधिक संख्या में दूरस्थ अंचल के सभी छात्रों को शिक्षा प्रदान कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ अपनी महति भूमिका निभा रहा है।

**-डॉ. अंजू शुक्ला**, प्राचार्य, डी.पी. विप्र कॉलेज

### महाविद्यालय के आकर्षण

* विगत वर्षों में लगातार महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का नाम विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में आता रहा है।

* महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निरंतर स्वर्ण मंदित द्वारा पदक प्राप्त होता रहा है।

* महाविद्यालय का ग्रंथालय एक विशाल एवं समृद्ध ग्रंधालय है, जिसमें लगभग 50000 किताबें व 3000 से अधिक शोष पत्रिका उपलब्ध हैं। यू-जी.सी. दवा. ऑनलाईन ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी महाविद्यालय में उपलब्ध है।एन एस.एस.के दो यूनिट महाविद्यालय में पंजीकृत किये गये हैं। जो कि प्रदेश में चिन्हांकित यूनिट द्वारा प्रतिष्ठित है।

* एन.सी.सी. के यूनिट से छात्र-छात्राओं (कैडेट्स) ने विगत वर्षों में गणतंत्र दिवस परेड में स्थान प्राप्त किया है और साथ ही साथ सैन्य सेवा में भी उन्हें नियुक्त मिली है।

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एस.एस पोयाम
सी.ई.ओ. जनपद पंचायत बिल्हा एवं समस्त स्टॉफगण

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जिंदल इंफ्रास्ट्रक्चर

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुनील कुमार अग्रवाल
ठेकेदार अरपा बैराज बिलासपुर/रायगढ़/रायपुर

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
व्ही.डी. दिवान
अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुनीता ध्रुव
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Anew Construction

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी
मस्तूरी

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिल्हा

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विष्णु प्रसाद अग्रवाल
ठेकेदार बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आबकारी विभाग
सीपत वृत जिला बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अधीक्षण अभियंता/ कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शांति इंजीकॉन प्रा.लि.
बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी
बिल्हा

संकलनकर्ता- विक्रांत ध्रुवंशी हरिभूमि प्रतिनिधि मो. 9691615563


छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धरमलाल कौशिक
पूर्व अध्यक्ष/ नेता प्रतिपक्ष छ.ग. विधानसभा
विधायक, बिल्हा विधानसभा


छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा


छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
धनंजय सिंह ठाकुर
महामंत्री - जिला कांग्रेस कमेटी, बिलासपुर
अध्यक्ष - सरपंच संघ जनपद पंचायत बिल्हा
सरपंच- ग्राम पंचायत सेलर


छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती रूखमणी साहू
सरपंच-ग्राम पंचायत लखराम
जनपद पंचायत बिल्हा


छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुनील सोनकर
पार्षद वार्ड क्रं. 49
बी.आर. यादव नगर बहतराई-बिजौर


हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता
एवं पाठकों के विश्वास के
25 वर्ष
छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती लक्ष्मी बाई पोर्ते
जनपद सदस्य-क्षेत्र क्रं. 01 सोंठी
जनपद पंचायत मस्तूरी
देव सिंह पोर्ते (गतौरा वाले)
जिलाध्यक्ष-सर्व आदिवासी समाज
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9993864478, 9406360908
विनीत : ग्राम पंचायत जुहली, करीछापर, सोंठी, पिपरानार, परसापाली, कुन्दरूनार, साजापाली, जेवरा, नवापारा, खोंधरा, कनई, निरतू, अदराली

11 -MAY--REGNOL---pg -18 -Comman_Layout 1 5/12/2025 12:37 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**लोरमी।** अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में दिया। पुलिस ने बताया कि तखतपुर लिम्ही निवासी होरीलाल कश्यप पिता रामसिंह कश्यप उम्र 42 साल अपनी मोटर सायकल क सीजी 10 एएक्स 8801 के माध्यम से अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा था। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी होरीलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 52 पाव देशी शराब कीमती 4 हजार 1 सौ 60 रूपए सहित मोटर सयाकल कीमती 25 हजार को जब्त कर लिया। मामले पर पुलिस ने 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## निधन

### सुशीला देवी



**बिलासपुर।** सुपर स्पेशिएलिटी हास्पिटल के अधीक्षक डा. भानू प्रताप सिंह की माता सुशीला देवी का 11 मई को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 12 मई को सुबह 11 बजे नारियल कोठी मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे महेन्द्र, हिमेश, जोगेन्द्र, तेजेन्द्र, जितेन्द्र व पार्थ प्रताप सिंह की माता थीं।

### जवाहरलाल केशरवानी



**बिलासपुर।** मुंगेली नाका निवासी जवाहरलाल केशवानी का निधन 11 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे पवन एवं आदर्श केशरवानी के पिता और आयुष, आर्यन, आदित्य देव के बाबा थे।

### सुरेश जैन



**मुंगेली।** गांधी वार्ड निवासी सुरेश जैन का 10 मई को आकस्मिक निधन हो गया। वे छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष अनूप जैन के चाचा एवं अमित जैन, अभिषेक जैन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 12 मई को सुबह 9 बजे को मारवाड़ी मुक्ति धाम में होगा।

### ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों में हो रहे प्रस्ताव पारित

# एक राष्ट्र, एक चुनाव बना जन आंदोलनः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

मुंगेली जिले के ग्राम नगपुरा, सरगांव स्थित मंगल भवन में रविवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल हुए।

**खास बात**
- केंद्रीय मंत्री ने संगोष्ठी में रखे विचार

श्री साहू ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा आज केवल एक चुनावी विचार नहीं, बल्कि यह एक राष्ट्रीय मुहिम बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि यह विचार सामूहिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और प्रशासनिक दक्षता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों, जिला पंचायतों तथा नगरीय निकायों में अब स्वस्फूर्त रूप से एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करने हेतु प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं, जो इस अभियान को जन-जन से जोड़ने का स्पष्ट संकेत हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच को रेखांकित करते हुए श्री साहू ने कहा कि एक साथ चुनाव से नीतिगत निरंतरता, शासन की जवाबदेही और जनता के विश्वास में वृद्धि होती है। संगोष्ठी में जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले, भूपेंद्र सवन्नी, शिवरतन शर्मा, मुंगेली भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशवानी, शिक्षाविद् डॉ. मुक्ता दुबे, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, समाजसेवी, युवावर्ग एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि।

### भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि

श्री साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ उसी वैचारिक धारा का हिस्सा है, जो एक स्थिर, पारदर्शी और समावेशी शासन व्यवस्था की ओर ले जाती है। इतिहास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 1951-52 से 1967 तक भारत में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। यह परंपरा लोकतांत्रिक स्थिरता और कुशल प्रशासन का प्रतीक थी, जिसे पुनः स्थापित करना समय की मांग है।

### मिल रहा सामाजिक समर्थन

राष्ट्रीय स्तर पर यह अभियान सामाजिक समर्थन भी प्राप्त कर रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में रैलियां, जनजागरण यात्राएं तथा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में संगोष्ठियों, परिचर्चाओं और पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा वर्ग को भी इस विमर्श से जोड़ा जा रहा है।



## आदतन बदमाश ने ग्रामीण पर किया जानलेवा हमला



**रतनपुर।** गांव के तालाब की तरफ जा रहे ग्रामीण पर आदतन बदमाश ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे आक्रोशित ग्रमीणों ने रतनपुर थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिराफ्तार कर लिया है। रतनपुर थाना के ग्राम परसदा निवासी लक्ष्मण खरे उम्र 50 वर्ष रविवार सुबह 7 बजे गांव के तालाब की तरफ जा रहा था।

- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

इसी दौरान गांव का आदतन बदमाश रवि गढ़वाल वहां पहुंचा और ने पुरानी रंजिश को लेकर लक्ष्मण पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे 112 की मदद से अस्पताल ले जाया गया। गांव की महिलाओं एवं ग्रमीणों ने बताया कि रवि गढ़वाल आदतन अपराधी है एवं वह अभी हत्या की सजा काटकर जेल से बाहर आया है। वह आए दिन गांव में लड़ाई झगड़ा करते रहता है, जिसकी सूचना हमने कई बार रतनपुर थाने में दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के मुताबिक लक्ष्मण खरे रवि गढ़वाल पर चल रहे हत्या के केस में गवाह था, जिसके कारण बदमाश उससे रंजिश रखता था एवं आए दिन जान से मारने की धमकी देता था। इसी रंजिश को लेकर मौका पाते ही उसने हत्या की नीयत से लक्ष्मण पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रमीणों ने रतनपुर थाने का घेराव कर पुलिस पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया एवं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया। रतनपुर पुलिस ने रवि गढ़वाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।






## ग्रामीण बैंक में सेंधमारी पुलिस की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मुख्य मार्ग स्थित हाईस्कूल के पास छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर डकैती का प्रयास किया।

चोर बैंक की ऊपरी मंजिल से पाइप के सहारे नीचे उतरे और एक कमजोर दीवार को तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन वे बैंक के मुख्य कक्ष तक नहीं पहुंच पाए। बैंक मैनेजर विनीत जाड़ीया को सुबह घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद घटना की सूचना तखतपुर थाने दी गई। सूचना थाना प्रभारी राठौर मौके पर पहुंचे और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू की गई। पुलिस के अनुसार, चोर बैंक के बाथरूम तक पहुंचे थे, लेकिन बैंक के भीतर घुसने में असफल रहे। चूंकि वे मुख्य कक्ष में नहीं पहुंच पाए, इसलिए सीसीटीवी कैमरों में उनकी कोई स्पष्ट तस्वीर नहीं आ सकी है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और चोरों की तलाश जारी है।

## हर्षोल्लास के साथ मनी महाराणा प्रताप जयंती

### महाराणा प्रताप सहित अन्य वीरों से प्रेरणा लेने की जरूरतः लहरिया

**सीपत।** राजपूत क्षत्रिय महासभा की बिलासपुर उपसमिति ने जांजी में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप भवन से जयकारों की के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति बिलासपुर के उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, जिपं सदस्य अरुणा सूर्या, सरपंच चंद्रकली पाटले, सहायक निर्वाचन अधिकारी रंजीत सिंह ठाकुर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, युवा सचिव महेंद्र सिंह एवं अन्य अतिथियों में जिपं सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या, भाजपा नेता अभिलेश यादव, ठाकुर आरबी सिंह, ग्राम सचिव परमेश्वर सोनवानी, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र पाटले, मनोहर पात्रे सहित कई जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल रहे। राजपूत समाज की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, गमछा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दिलीप लहरिया ने महाराणा प्रताप के साहस, स्वाभिमान और स्वतंत्रता प्रेम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज को अपने वीरों और प्रेरणा स्रोतों को स्मरण कर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को जिपं सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या ने भी संबोधित किया। आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष दीपक सिंह, सचिव विवेक सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य कल्याण सिंह, कार्यकारिणी सदस्य रविशंकर सिंह, प्रदीप सिंह, कमलेश सिंह, पुष्पराज सिंह, विनोद सिंह, विक्रम सिंह समेत समाज के कई पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।



## भक्तों ने की भगवान नृसिंह देव की पूजा



**सकरी।** ग्राम हांफा में स्थापित देवाधिदेव नृसिंह देव बघर्रा पाठ महाराज मंदिर परिसर में रविवार को भगवान नृसिंह देव का प्राकट्य दिवस श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। आचार्य धनेश उपाध्याय ने मंत्रो के साथ भगवान का पंचामृत अभिषेक कराया एवं नृसिंह चालीसा का पाठ किया गया। पूजा-अर्चना पश्चात भक्तों ने भोग-भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बिलासपुर सहित आसपास के भक्तजन उपस्थित हुए। भगवान नृसिंह नाथ ग्राम हांफा के ग्राम देवता हैं। यहां के वरिष्ठजन बताते हैं कि जब गांव पूरा जंगल क्षेत्र से घिरा हुआ था तब यहां विभिन्न जंगली जानवर विचरण किया करते थे एवं मवेशी सहित इंसानों का शिकार कर देते थे। इसको देखते हुए गांव के वरिष्ठों ने एकमत होकर विधि-विधान से भगवान नृसिंह देव की स्थापना की, जिसके बाद मवेशियों का शिकार रुक गया और जनहानि भी बंद हो गई। वर्तमान में हांफा ही नहीं आस-पास के गांवों के ग्रामीण शुभकार्यों की शुरुआत भगवान नृसिंह देव की पूजा-अर्चना के साथ ही करते हैं।































स्थापना दिवस विशेष

# सरोकारी पत्रकारिता के 25 बरस
# पाठकों ने हरिभूमि को बनाया सिरमौर




































## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित कफ सिरप सप्लाई करने वाला यूपी से गिरफ्तार



**बिलासपुर।** शहर में वाहनों के माध्यम से प्रतिबंधित कफ सिरप सप्लाई करने वाले फरार डीलर को चार साल बाद पुलिस ने यूपी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, वर्ष 2021 में एक वाहन से प्रतिबंति कफ सिरप लेकर जा रहे यूपी बनारस भदोहा निवासी अभिषेक मिश्रा को पकड़ा गया था। उसके पास से 450 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया था। पूछताछ में उसने बताया वह यहां मंगला महर्षि रोड में किराए के मकान में रह रहा है। सरगना बनारस शिवदासपुर निवासी बृजेश मिश्रा उर्फ पिंटू महराज बनारस से भेजता था और प्रतिबंधित सिरप शहर में खपाने का काम करता था। आरोपी के नहीं मिलने पर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। 4 साल बाद टीआई श्री केंवट ने पेंडिल फाइल का अवलोकन किया तो उक्त प्रकरण सामने आया। पुलिस ने बनारस शिवदासपुर से बृजेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पीड़िता से अनाचार वकील पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बलात्कार पीड़िता को न्याय दिलाने का झांसा देकर अनाचार व मारपीट करने वाले वकील के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा थाना के महिला प्रधान आरक्षक संगीता नेताम ने बताया, कोंडागांव जिले की रहने वाली एक युवती के साथ एक युवक ने अनाचार किया था। पीड़िता ने युवक के खिलाफ कोंडागांव जिला में रिपोर्ट लिखाई। उसके बाद आरोपी युवक को हाईकोर्ट से सजा दिलाने के लिए बिलासपुर आई और चकरभाठा द्वारिकापुरम निवासी वकील बसंत कैवर्त्य से मुलाकात की। वकील उसे न्याय दिलाने का झांसा देकर घुमाने के लिए कोटा के एक रिसार्ट में लेकर गया और अनाचार किया। पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाने की बात कहीं तो वकील ने उसे धमकी दी कि उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी और वह उसके केस में युवक को सजा नहीं दिलाएगा। इस दौरान वकील ने कई बार शारीरिक संबंध बनाया। उसकी हरकतों से त्रस्त होकर पीड़िता 10 मई को सरकण्डा थाने में रिपोर्ट लिखाई।

बिलासपुर वन विकास निगम का है क्षेत्र

# लखनी देवी मंदिर के पास भीषण आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार की दोपहर बिलासपुर वन मंडल और वन विकास निगम के क्षेत्र में लखनी देवी मंदिर रतनपुर के पास भीषण आग लग गई, जिसके कारण विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

■ **3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू**

सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और दमकल की मदद से करीब दो से तीन घंटे में आग को बुझा लिया गया है। रविवार की दोपहर रतनपुर महामाया मंदिर से पहले स्थित लखनी देवी मंदिर के पहाड़ पर वन विकास निगम और बिलासपुर वन मंडल ने पौधरोपण किया था, जहां हजारों की संख्या में लगे पौधे अब पेड़ बन चुके हैं। इस स्थान पर रविवार की दोपहर अचानक चारों ओर से धुआं निकलते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

आग लगते हुए मंदिर प्रबंधन ने इसकी सूचना वन विभाग और वन विकास निगम के साथ नगर पालिका को दी, लेकिन सूचना के बाद भी घंटों आग बुझाने के लिए कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। इसकी वजह से मंदिर प्रबंधन और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। करीब एक से डेढ़ घंटे के बाद वन विकास निगम का स्टाफ फायर ब्रिगेड के साथ घटना स्थल पर पहुंचा और ढाई घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग की वजह से आसपास के घरों में धुआं भर गया था, जिसकी वजह से ग्रामीण काफी परेशान हुए।



लखनीदेवी मंदिर रतनपुर के पास जंगल में लगी आग से पौधों को हुआ नुकसान।

### आधे एकड़ में लगी थी आग

लखनी देवी मंदिर के पास पहाड़ में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद स्टाफ को तत्काल मौके पर रवाना किया गया था। यहां आग के कारण करीब आधे एकड़ में छोटी-छोटी झाड़ियां जल गई थी, जिसमें ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

**-सत्यदेव शर्मा**, डीएफओ वन विकास निगम

# समझौता करने गए पति से पत्नी ने धर्म परिवर्तन करने कहा

**बिलासपुर।** दहेज प्रताड़ना के मामले में समझौता करने गए इंजीनियर पति को पत्नी ने पहले ईसाइ धर्म अपनाने कहा। पति की रिपोर्ट पर पुलिस ने पत्नी व प्रिंसिपल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ **पति की रिपोर्ट पर पत्नी व प्रिंसिपल के खिलाफ जुर्म दर्ज**

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, चकरभाठा बोदरी स्थित गोल्डन पार्क कालोनी निवासी इंजीनियर मयंक पाण्डेय की शादी 2019 में मध्य प्रदेश अनूपपुर आमाडांड निवासी रंजना पाण्डेय से हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते उनकी पत्नी मायके चली गई और अनूपपुर के महिला थाना में उनके खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट लिखा दी। पुलिस मयंक पाण्डेय व उनके घरवालों के खिलाफ अपराध कायम कर मामले को न्यायालय में पेश किया। 10 मार्च 2025 को न्यायालय में उनकी पेशी थी।



उस दौरान उन्होंने पत्नी को आपसी समझौता कर नए सिरे से परिवार बसाने की बात कही। उनकी पत्नी ने उन्हें बताई कि जीपीएम जिले के कुम्हारी स्थित मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल ने उसका धर्म परिवर्तन करा दिया है। उसने उन्हें ईसाइ धर्म परिवर्तन करने पर समझौता करने की बात कही। पुलिस ने श्री पाण्डेय की रिपोर्ट पर पत्नी रंजना पाण्डेय व प्रिंसिपल केरोलाइन मैरी के खिलाफ शून्य में बीएनएस की धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर डायरी मध्य प्रदेश अनूपपुर जिला भेज दिया है।

### धर्म परिवर्तन मामले में 4 गिरफ्तार

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, नयापारा शिव विहार गली नम्बर 4 निवासी शिवकांत कश्यप पिता रामराज कश्यप ने रिपोर्ट लिखाई, 11 मई सुबह 11 बजे शिव विहार गली नम्बर 4 नयापारा में अल्का जोसफ, पी सूर्या राव, पी तबिता राव, पी सिमोन राव लोगों को बहला फुसलाकर एवं प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहे थे। उनके द्वारा हर रविवार को सैकड़ो की संख्या में लोगों को घर में बुलाकर यह कार्य किया जा रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 3, 5, 3, 4 के तहत चारों को गिरफ्तार कर लिया है।

## युवक ने डेंटल कॉलेज की छात्रा का हाथ मरोड़ कर दी गाली, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** छात्रा मरोड़कर गाली गलौज करने वाले दो छात्रों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, एक निजी डेंटल कालेज की छात्रा की 7 मई को सुबह 11 बजे अब्बू शकलीन होरायरा को डिपार्टमेंट का फेक ओपीडी भरने कहा। उसने मना कर दिया और अभद्रता करने लगा। 12.50 बजे अब्बू शकलीन होरायरा व आकास राय डिपार्टमेंट आए और स्टूडेंट, स्टाफ व मरीजों के सामने उनका गर्दन पकड़कर हाथ मरोड़ने की कोशिश करते हुए गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे, जिससे छात्रा डर गई। तीन दिन बाद 10 मई को छात्रा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर दोनों छात्रों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।







## खबर संक्षेप

### कांतिलाल बने राइस मिल एशोशियशन के अध्यक्ष




**लोरमी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक हॉटल ग्रैन्ड लोटस बिलासपुर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर से लगभग 400 मिलर्स ने हिस्सा लिया। बैठक में छग अध्यक्ष क्रेडा भूपेन्द्र सवन्नी, खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह की विशेष मौजूदगी रही। बैठक के दौरान प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें कांतिलाल बोथरा के प्रदेश अध्यक्ष, विष्णु बिंदल को महामंत्री एवं रमेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में प्रदेश के समन्वय समिति के समस्त सदस्य एवं लोरमी से नितेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, बनवारी लाल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, तेजश अग्रवाल, सरदार राइस मिल, भाया राइस मिल व बिलासपुर से संजय दुआ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मानवाधिकार सहायता संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक बने फरमानिया

**पेंड्रा।** मानवाधिकार सहायता संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रमेश कश्यप के आदेशानुसार पेंड्रा निवासी समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल,



फरमानिया को उनकी समाजसेवा, निष्ठा, लगन, और कर्मठता के आधार पर मानव अधिकार सहायता संस्थान में राष्ट्रीय संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है। आशा है कि आप संगठन तथा बुराईयों के खिलाफ संगठन की आवाज हमेशा बुलंद करते रहेंगे और संगठन की मजबूती और जन कल्याणकारी योजनाओं की पूर्ति के लिए ईमानदारी, लगन और निष्ठा से काम करेंगे। मानवाधिकार सहायता संस्थान में नियुक्ति निस्वार्थ मन से मानव सेवा के उद्देश्य से पदस्थान दिया जाता है। संघ में संबंध सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं सलाहकार अवैतनिक हैं।

### डॉ अम्बेडकर स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाया जौहर

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरूवार को 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के





परिणामों की घोषणा की, जिसमें डॉ भीमराव अम्बेडकर विद्यालय से कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 29 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 6 प्रथम व 6 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सुनिता सोनकर 84 प्रतिशत प्रथम, आरती खांडे 65.6 प्रतिशत व मुस्कान जांगड़े 64.3 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह कक्षा 12वीं परीक्षा में विज्ञान संकाय में कुल 18 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम 8 एवं 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कु प्रियंका बंजारे 82.6 प्रतिशत प्रथम, जान्हवी टोंडे 74.6 प्रतिशत द्वितीय एवं प्रियांशु दिवाकर 73.8 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

### शिशु मंदिर बैतलपुर के विद्यार्थियों लहराया परचम





**सरगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर बैतलपुर के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा निहारिका पटेल ने 94 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं माही यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त रहीं। परिधि शर्मा ने 89.16 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, संयोग जांगड़े ने 88.16 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान तथा श्वेता यादव ने 86.33 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। इस उपलब्धि पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारियों, प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय परिवार ने छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

### निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ उठा रही छात्राएं



**तखतपुर।** अमोरा में स्थित लाईफ कैरियर जोन कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की ओर से पिछले कई वर्षों से गर्मी की छुट्टियों में छात्राओं के लिए निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण 1 अप्रैल से 30 मई तक चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित होने के बाद सैकड़ों उत्तीर्ण छात्राएं इस निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ उठा रही हैं। सेंटर संचालक दीपक पटेल और दुर्गेश पटेल का कहना है कि आज का युग डिजिटल शिक्षा का युग है।

# मां होती हैं हमारी पहली गुरु, दें हमेशा सम्मान

मदर्स डे पर शहर में रक्तदान शिविर सहित विविध आयोजन किए गए। इसमें बच्चों व महिलाओं ने उत्साह से भाग लेकर अपनी मां के प्रति आदर का भाव व्यक्त किया। साथ ही बताया गया कि मां हमारी पहली गुरु होती है। वह अपने बच्चों को जीवन के हर संघर्ष से बचाने का हरसंभव प्रयास करती है और खुद हर मुश्किल को सहती है।




मातृ दिवस

## मदर्स डे पर रक्तदान शिविर सहित हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मातृ देवो भव' यानी मां देवता के समान है। कहा जाता है कि भगवान हर जगह नहीं पहुंच सकते हैं, इसलिए उन्होंने मां को बनाया है। मां एक ऐसा शब्द है, जिसे बच्चा सबसे पहली बार बोलता है। मां ही एक इंसान होती है, जो अपने बच्चे को निःस्वार्थ प्यार करती है। मां के त्याग और समर्पण को शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल काम है। इस साल 11 मई को दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जाएगा, लेकिन मां के प्रति प्यार और आदर दिखाने के लिए किसी दिन की जरूरत नहीं होती है।

### लीनेस क्लब का रक्तदान शिविर




लीनेस क्लब मेन बिलासपुर ने मदर्स डे पर रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए सीएमडी चौक स्थित लायंस भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर स्व. रविशंकर शिक्षण प्रशिक्षण व जन कल्याण समिति एवं बालाजी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से रखा गया है। डॉ दीपक कुमार की टीम जिसमें मनीष रामटेके, मृदुला दास शामिल रहीं, का सहयोग रहा। लीनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता कपूर, बिलासपुर से एरिया ऑफिसर शोभा चाहिल, एरिया सचिव अर्चना तिवारी, क्लब अध्यक्ष गायत्री कश्यप एवं लीनेस वीना अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर क्लब सचिव चित्ररेखा कांसकार, कोषाध्यक्ष प्रमिला चोपड़ा, पूर्णिमा मिश्रा, भारती तिवारी, शोभा त्रिपाठी, रश्मि लता मिश्रा, संतोष सराफ, मंजू शाह, ललिता कश्यप, प्रेमलता अग्रवाल, हंसा सेलारका, चांदनी सक्सेना, एरिया एडवाइजर सलमा बेगम, अणिमा मिश्रा, सावित्री जायसवाल सहित अन्य बहनों की उपस्थिति रही।



### मां का समर्पण एकता के सूत्र में बांधता है

प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में स्वस्थ और सुखी परिवार के लिए माता की भूमिका विषय पर मातृ दिवस मनाया गया। इसमें बीके मंजू दीदी ने बताया कि मां हमारे लिए सुरक्षा कवच की तरह होती है। मां का त्याग, प्रेम और समर्पण ही वर्तमान में परिवार में बढ़ रही विकृतियों को खत्म कर परिवार को एकता व प्रेम के सूत्र में बांधकर रखता है। मां के महत्व को समझने, सम्मान देने के लिए ही हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मातृ-दिवस के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मां वह ठंडी छांव है जिसकी गोद में हम सुख का अनुभव करते हैं, मां के जैसा रोल इस दुनिया में किसी का नहीं हो सकता, उसकी पूर्ति कोई नहीं कर सकता है। अंत में ब्रह्मा कुमारी बहनों ने तिलक, पुष्प से सभी बहनों व माताओं का सम्मान किया।

### बच्चों को सिखाई गई पेंटिंग



ब्रम्हाकुमारीज उसलापुर में बीके छाया दीदी ने बच्चों को मदर्स डे पर बहुत ही सुंदर मां की पेंटिंग बनाना सिखाया। उन्होंने कहा कि मां अपने सभी बच्चों को एक समान प्यार करती है। दिन-रात दुआएं करती रहती हैं। सारा दिन अपने बच्चों, परिवार का ध्यान रखती हैं। हम सब की मां निःस्वार्थ भाव से दिन रात सेवा करती हैं, पर उसके बदले में उसे कोई फीस भी नहीं मिलती है। परिवार और बच्चों की खुशी में ही अपनी खुशी समझती है। मां ही बच्चों के अच्छे संस्कारों को बना कर उसे अच्छा संसार देती हैं। मां के प्यार को पाने के लिए हमें मां का बहुत आज्ञाकारी बनना है। उनके दिल को हमेशा खुश रखना है। मां की दुआ हमारी सदा रक्षा करती है। हमें जीवन में सफल बनाती है।

### संगीतमय रामायण में शामिल हुईं हर्षिता

**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा में संगीतमय श्रीरामायण का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के नौ मानस मंडलियों ने आकर भगवान श्रीराम चन्द्र का गुणगान किया गया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय, नीरज पांडेय, समस्थ सिंह खनुजा, सिमरन सिंह खनुजा, राज साहू, देवचरण साहू, चरण धुरी, थानुराम साहू, राजाराम साहू, भागीरथी साह, चन्दूराम साहू, डॉ योगी साहू, ओंकार सोनी, रुपेश देवांगन, सुरेश कुमार साहू, प्रदीप साहू, चंद कुमार साहू, मनहरन साहू, सुनील साहू, रेमन साहू, सरपंच मनोज पाटले, ओमप्रकाश साहू, दिलीप साहू, सालिकराम साहू, अनुज राम साहू, सुखऊ राम साहू, श्याम साहू, संतोष साहू, अनुराग पटेल, बेला राम साहू, दिनेश नेताम, पूर्व सरपंच मूरितलाल साहू, चैतराम पटेल सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी पिल्लूराम साहू ने दी।

### चाकूबाजी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोरमी।** पुलिस ने बताया कि महामाया पारा लोरमी निवासी शरद कोल पिता सुरेश कोल उम्र 26 साल ने थाने में शिकायत दर्ज काई कि शनिवार 10 मई की रात को विशाल ध्रुव व प्रेम सारथी ने गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 296,351 (2),115(2),3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध मामले में कार्रवाई शुरू की गई।

# बच्चों ने अभिभावकों के साथ लिया 10 दिवसीय समर कैंप का आनंद

**पेंड्रा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट पेंड्रा मे बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्मी की छुट्टियों के दौरान 1 से 10 मई तक 10 दिवसीय निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्पोकेन इंग्लिश, रचनात्मक गतिविधियों, डांस, क्ले आर्ट, पेंटिंग और ब्रेन एक्सरसाइज आदि सीखने का अवसर प्रदान करना था।

शिविर में प्रतिदिन बच्चों को अलग-अलग हुनर सिखाए गए एवं जन जागरूकता के संदेश भी दिए गए। बच्चों को गुड टच बैड टच, मोबाइल के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता संदेश एवं आपातकालीन परिस्थितियों जैसे भूकंप युद्ध की स्थिति में मॉक ड्रिल जैसी गतिविधियों से अवगत कराया गया। डाइट में एक दिवसीय संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी बच्चे अपने अभिभावकों की उपस्थिति में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डाइट के प्राचार्य जेपी पुष्प ने कहा कि हमारा मानना है कि बच्चों का विकास केवल अकादमिक शिक्षा तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। समर कैंप बच्चों को एक खुशनुमा माहौल और खेल-खेल में नई कलाओं को सीख कर अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर देता है। समर कैंप की आयोजक शिक्षिका स्वप्निल पवार ने बताया कि इस समर कैंप में बच्चों को उनके पालकों से जोड़ने की कोशिश की गई है।



समर कैंप में शामिल बच्चे।

# जिले विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा खेलकूद का प्रशिक्षण

**मुंगेली।** आमाराइट प्रयोजना कार्य के साथ निबंध लेखन, गायन, वादन, चित्रकला, मानव जीवन में वृक्षों का महत्व, कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत विज्ञान आधारित मॉडल विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले के तीनों विकासखंड मुंगेली, लोरमी पथरिया में खेलकूद का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने जिले की सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों को ग्रीष्मकालीन 8 से 21 मई तक प्रशिक्षण का आदेश आदेश दिया है। इसमें खेलकूद जिला के नोडल के रूप में प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार वर्मा को लोरमी, सुबोध सिंह को पथरिया एवं मुंगेली के लिए अशोक यादव व संदीप कुर्रे व्यायाम शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। खेलकूद प्रशिक्षण में वॉलीबॉल, फुटबॉल, नेट बॉल, कबड्डी, खो-खो ताइक्वांडो, जूडो, कराटे, तीरंदाजी, वेटलिफ्टिंग व एथलेटिक्स इत्यादि विधाओं का प्रशिक्षण विद्यालय के व्यायाम शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन प्रदान किया जा रहा है।



प्रशिक्षण प्राप्त करते विद्यार्थी

# शालेय शिक्षक संघ की बैठक पवार बने जिला अध्यक्ष



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की बैठक रेस्ट हाऊस में सुबह 11 बजे संगठन के प्रदेशाध्यक्ष के आतिथ्य में संपन्न हुई। संगठन की ओर से वरिष्ट पदाधिकारियों ने साल श्रीफल तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में नवीन पदोन्नत प्रधान पाठकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष की अनुसंशा पर मनोज पवार को जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने शिक्षकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए बताया कि शिक्षा सचिव डीपीआई संचालक से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण के जारी दिशा निर्देश व मापदंडों की विसंगतियों को संगठन के माध्यम से अपना पक्ष रखा तथा 2008 के शिक्षकों के सेटअप को प्रभावित न करते हुए सभी संवर्गों के शिक्षकों की पूर्ण पदोन्नति के पश्चात ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शालेय संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह राजपूत ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है और उन्हे अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर ने स्वागत भाषण में जिले तथा ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश डहरे ने तथा आभार प्रदर्शन अजय तिवारी ने किया।

### संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित करने की क्षेत्र में की गई जांच



**मुंगेली।** जिले में बाहर से आए 40 संदिग्ध फेरीवालों की जांच की गई, जिसमें पश्चिम बंगाल से आए 40 फेरीवालों का आधार कार्ड वेरिफिकेशन कर फिंगर प्रिंट लिया गया। साथ ही अप्रवासी 40 व्यक्तियों के मूल निवास के थाना क्षेत्र को इनके चाल-चलन हेतु तहरीर जारी किया गया। एसपी भोजराम पटेल ने जिले ने बाहर से आए अवैध अनाधिकृत अप्रवासियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। निर्देश के परिपालन में 11 मई को बाहरी व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी एवं स्टॉफ के ने पश्चिम बंगाल के 40 फेरी वालों व्यक्तियों को थाना सिटी कोतवाली लाकर उनके आधार कार्ड के माध्यम से फिंगर प्रिंट लिया। साथ लही जिला मुख्यालय में संचालित होटल, ढाबा, लॉज, बस स्टैण्ड स्थित धर्मशाला एवं लोहा बाड़ा में रहने वाले व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

# श्रीश्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

**तखतपुर।** श्रीश्री रविशंकर के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 114 यूनिट रक्तदान हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से रविवार को पूर्णिमा चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 114 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसमें युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने नपा अध्यक्ष रविंद्र कौर पूजा मक्कड़ व पार्षद परमजीत कौर हूरा, अनुपमा पांडेय, जसप्रीत हूंरा, सहित माधवी गुप्ता, दृष्टि गुप्ता, प्रीति हूरा, विमल जांगड़े आदि उपस्थित रहे। पूजा मक्कड़ ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में भागीदारी कर सभी रक्तवीरों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार का यह प्रयास अनुकरणीय है। शिविर आशीर्वाद ब्लड बैंक बिलासपुर एवं सिम्स बिलासपुर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें आशीर्वाद ब्लड बैंक से केशव बंसल, संतोष साहू, इंदु साहू, हिना साहू, दीपक, विनय, अजय, सहदेव, अरुण एवं सिम्स से डॉ




ईशान साहू, डॉ नरेंद्र सर्वे, कौशल्या पात्रे, सीताराम, अजय ने सहयोग दिया। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने पूर्णिमा चिकित्सालय से डॉ अश्विनी गुप्ता डॉ अपर्णा गुप्ता, दुर्गा यादव, निधि वैष्णव, तुलसी यादव एवं आर्ट ऑफ लिविंग से मनीष सोनी परवेज भारमल, उपेंद्र खुराना, ध्रुव नारायण तंबोली, योगेश देवांगन, लक्ष्मी नारायण पांडेय, डॉ गिरधारी कौशिक, संतोष कश्यप, लक्ष्मी देवांगन, दिलीप तोलानी, स्नेहा तंबोली, टेकचंद कारड़ा आदि उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय परिसर में किया जा रहा संचालित

# मंत्री ने किया प्रदेश के प्रथम सेटेलाइट ओएसटी केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, क्षेत्र के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिपं अध्यक्ष समीरा पैंकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादूर सिंह, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, एसपी एसआर भगत, छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति के उपसंचालक विक्रांत वर्मा, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामेश्वर शर्मा सहित जिले के अन्य जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदेश के प्रथम सेटेलाइट ओएसटी केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

यह ओएसटी केन्द्र राज्य शासन एवं स्वयंसेवी संस्था के साथ मिलकर गौरेला स्थित जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित किया जा रहा है। इस केन्द्र के माध्यम से नशे की प्रवृत्ति वाले लोगों का उपचार करने एवं नशे से दूर रहने के लिए केंद्र एवं राज्य शासन की ओर से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शुभांरभ अवसर पर प्रकृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ राजीव अवस्थी, प्रोजेक्टर मैनेजर भारती रजक, अंकुश तिवारी, काउंसलर निर्मला साहु, मानसी गुप्ता, अमन सिंह ठाकुर, एएनएम पूजा सोनी, ममता शर्मा एवं चित्रा आदि उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के इस इकलौते ओसटी केन्द्र का लाभ दूरस्थ वनांचल स्थित जिले के लोगों को अवश्य मिलेगा। विधायक मरपच्चीने नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने एवं एक अच्छे समाज के निर्माण का लोगों से अनुरोध किया। जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैंकरा ने इस केन्द्र के शुभांरभ पर हर्ष व्यक्त किया।




ओएसटी केंद्र का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री।

### आदर्श विवाह समारोह में शामिल होंगे राज्य मंत्री तोखन व डिप्टी सीएम साव

**मुंगेली।** जिला साहू संघ की ओर से भक्त माता कर्मा जयंती, आदर्श विवाह एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आदर्श विवाह समारोह में चार जोड़ों का विवाह किया जाएगा एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद लखन लाल साहू करेंगे। जिला साहू संघ के अध्यक्ष पुहुपराम साहू ने बताया कि सुबह 9 बजे सभी वर-वधू एवं बारातियों द्वारा बाजे-गाजे के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। इसके बाद नगर के हृदय स्थल आगर खेल परिसर में वर-वधू का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायिका पायल साहू का भी



कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला साहू संघ, तहसील साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं ग्रामीणगण जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के प्रवक्ता डॉ रामकुमार साहू एवं युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ के अध्यक्ष निरंजन साहू ने दी।